समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# UPPSC RO/ARO एडमिट कार्ड 2025: कब होगा जारी और कैसे करे डाउनलोड ? जाने पूंरी प्रक्रिया।

Publisher

Published on 15 Jul 2025



**10.76 लाख उम्मीदवारों की नजरे UPPSC की वेबसाइट पर टिकीं, जानिए कब और कैसे मिलेगा RO/ARO परीक्षा का एडमिट कार्ड।**

**लखनऊ, उत्तर प्रदेश : उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग** (**UPPSC**) द्वारा आयोजित **समीक्षा अधिकारी** (**RO**) और **सहायक समीक्षा अधिकारी** (**ARO**) प्रारंभिक परीक्षा 2025 को लेकर अभ्यर्थियों में भारी उत्सुकता है। परीक्षा **27 जुलाई 2025** को राज्यभर में एक ही पाली में आयोजित की जाएगी। इस बार करीब **10.76 लाख अभ्यर्थियों** ने आवेदन किया है और भर्ती प्रक्रिया के तहत कुल 411 पदों को भरा जाएगा।

**एडमिट कार्ड कब होगा जारी ?**

पिछले रुझानों के अनुसार, एडमिट कार्ड परीक्षा से **5-10** दिन पहले आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए जाते हैं। ऐसे में संभावना है कि **14 से 20 जुलाई 2025** के बीच कभी भी **RO/ARO प्रीलिम्स एडमिट कार्ड** uppsc.up.nic.in पर उपलब्ध हो सकता है।

**ऐसे करे एंडमिट कार्ड डाउनलोड**

१. **UPPSC की आधिकारिक वेबसाइट** uppsc.up.nic.in पर जाएं।

२. **‘Download Admit Card’ सेक्शन पर क्लिक करे**।

३. **‘RO/ARO Prelims Admit Card 2025’ लिंक पर जाएं**।

४. **अपनी OTR ID/रजिस्ट्रेशन नंबर, जन्मतिथि, और लिंग भरे**।

५. “**Submit**” **पर क्लिक करे — एडमिट कार्ड स्क्रीन पर दिखेगा।**
६. **इसका प्रिंटआउट जरूर ले और परीक्षा केद्रं पर साथ लेकर जाएं।**

परीक्षा केंद्रों पर होगी सख्ती

इस बार आयोग ने **परीक्षा को पारदर्शी और निष्पक्ष** बनाने के लिए सख्त प्रबंध किए हैं:
१. **बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन**
२. **आईरिस स्कैनिंग**
३. **CCTV निगरानी**
४. **फ्लाइंग स्क्वाड और सेक्टर मजिस्ट्रेट्स की तैनाती**

यह कदम बीते वर्षों में हुए पेपर लीक जैसे मामलों को रोकने हेतु लिए जा रहे हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी अफवाह से बचें और सिर्फ आधिकारिक सूचना पर भरोसा करें।

**महत्वपूर्ण सलाह :**
१. **एडमिट कार्ड जारी होते ही डाउनलोड करे।**
२. **परीक्षा केद्रं के नियम और निर्देश ध्यान से पढ़े।**
३. **समय से पहले परीक्षा केद्रं पर पहुंचे।**
४. **मोबाइल फोन, स्मार्ट डिवाइस और ब्लूटूथ उपकरण परीक्षा मे प्रतिबंधित रहेगें।**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.